## आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 06.12.2025 समय : 1905

<><><><><><><>

1. भारत–रूस ने 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को सौ अरब डॉलर तक पहुँचाने का लक्ष्य निर्धारित किया।
2. वित्त मंत्री ने कहा—कर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में बड़े सुधार, आयकर भरना होगा और आसान।
3. निर्वाचन आयोग—एस आई आर के दूसरे चरण में लगभग उनचास करोड़ फ़ॉर्म का डिजिटलीकरण पूरा।
4. नगरपालिका परिषद—मेरीना पार्क के निकट आज स्ट्रीट फ़ूड फ़ेस्टिवल का आयोजन।

<><><><><><><>

भारत और रूस ने वर्ष 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को सौ अरब डॉलर तक बढ़ाने का संकल्प लिया है। नई दिल्ली में कल रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ भारत–रूस व्यापार मंच को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि दोनों नेताओं के बीच हुई चर्चा और दोनों पक्षों की मजबूत क्षमता यह संकेत देती है कि द्विपक्षीय व्यापार लक्ष्य, निर्धारित समय से पहले ही हासिल कर लिया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और यूरेशियन आर्थिक संघ के बीच एक मुक्त व्यापार समझौते पर चर्चा शुरू हो गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत–रूस संबंधों की सबसे बड़ी ताकत इसी विश्वास में निहित है। प्रधानमंत्री ने कहा कि शिखर सम्मेलन में भारत और रूस ने दोनों देशों के नागरिकों के लिए पर्यटक वीज़ा पर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं, जिससे दोनों देशों में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और रोज़गार तथा व्यवसाय के नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि दोनों देश इलेक्ट्रिक वाहन निर्माण, ऑटोमोटिव कलपुर्जे और वायरलेस मोबिलिटी तकनीक में साझेदारी कर सकते हैं।

<><><><><><><>

वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा है कि केंद्र, कर–प्रणाली को सरल बनाने के लिए काम कर रहा है और आयकर अब एक कठिन प्रक्रिया नहीं रह जाएगी। नई दिल्ली में आज एक निजी मीडिया संस्थान के शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि नागरिकों के उत्थान के लिए आयकर स्लैब को और अधिक पारदर्शी और सरल बनाया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सरकार पिछले दो वर्ष में सीमा शुल्क में लगातार कमी ला रही है और सीमा शुल्क को सरल और अधिक पारदर्शी बनाने के उपाय कर रही है। उन्होंने कहा कि मध्यम वर्ग की बचत कम नहीं हो रही है बल्कि आज वह निवेश में बदल रही है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अनूठे इंटरैक्टिव कार्यक्रम "परीक्षा पे चर्चा" के नौवें संस्करण से पहले माईगॉव पोर्टल पर एक राष्ट्रव्यापी प्रतियोगिता चल रही है। यह ऑनलाइन बहुविकल्पीय प्रश्न–आधारित प्रतियोगिता अगले साल 11 जनवरी तक चलेगी। कक्षा 6 से 12 तक के छात्र, शिक्षक और अभिभावक इसमें भाग ले सकते हैं। इस गतिविधि को पूरा करने वाले सभी पंजीकृत प्रतिभागियों को माईगॉव पोर्टल की ओर से भागीदारी का प्रमाण पत्र दिया जाएगा। "परीक्षा पे चर्चा" जनवरी 2026 में आयोजित होने वाली है, जहाँ देश–विदेश के छात्र, अभिभावक और शिक्षक प्रधानमंत्री के साथ परीक्षा के तनाव पर चर्चा करेंगे और परीक्षाओं को एक उत्सव और जीवन का अभिन्न अंग मानकर मनाएँगे। 2025 में "परीक्षा पे चर्चा" ने एक उल्लेखनीय गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया, जिसमें दो सौ पैंतालीस से अधिक देशों के छात्रों, एक सौ तिरपन देशों के शिक्षकों और एक सौ उचनास देशों के अभिभावकों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में असाधारण वृद्धि देखी गई है, जो 2018 में पहले संस्करण में केवल 22 हजार प्रतिभागियों से बढ़कर 2025 में आठवें संस्करण में 3 करोड छप्पन लाख पंजीकरण तक पहुंच गई है। इसके साथ ही परीक्षा पे चर्चा 2025 से संबंधित राष्ट्रव्यापी जन आंदोलन गतिविधियों में एक करोड पचपन लाख लोगों ने भाग लिया। इससे कुल भागीदारी लगभग 5 करोड़ हो गई।

<><><><><><><>

नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने इंडिगो को यात्रियों को किरायों का लंबित भुगतान, बिना किसी देरी के जारी करने का निर्देश दिया है। मंत्रालय ने कहा है कि सभी रद्द या बाधित उड़ानों के लिए भुगतान प्रक्रिया कल रात आठ बजे तक पूरी हो जानी चाहिए। एयरलाइनों को यह भी निर्देश दिया गया है कि वे उन यात्रियों से कोई पुनर्निर्धारण शुल्क न लें जिनकी यात्राएं विमान रद्द होने के कारण प्रभावित हुई हैं। भुगतान प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की देरी या अनुपालन न होने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

<><><><><><><>

निर्वाचन आयोग ने आज कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण– एस आई आर के चरण दो की शुरूआत के बाद मतदाताओं में पचास करोड़ तिरानब्बे लाख से अधिक गणना प्रपत्र वितरित किए जा गये हैं। इस चरण में लगभग इक्यावन करोड़ मतदाताओं में से निन्यानब्बे दशमलव नौ–तीन प्रतिशत शामिल किए जाएंगे। आयोग ने कहा कि अब तक लगभग उनचास करोड़ फॉर्म का डिजिटलीकरण किया जा चुका है। नौ राज्यों और तीन केन्द्र शासित प्रदेशों में चार दिसंबर को मतदाता सूची में दूसरे चरण के एस.आई.आर की शुरूआत हुई है। इन राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, मध्य प्रदेश, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, अंडमान निकोबार द्वीप समूह, पुद्दुचेरी और लक्षद्वीप शामिल हैं। मतदाता सूची का बड़े पैमाने पर पुनरीक्षण अगले वर्ष चौदह फरवरी को अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन के साथ ही संपन्न होगा।

<><><><><><><>

सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर, जिला प्रशासन, रंगत के सहयोग से मेरा युवा भारत द्वारा संयुक्त रूप से एक विशेष स्मरणोत्सव पदयात्रा का आयोजन आज रंगत के जिला परिषद हॉल, में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जिला परिषद हॉल, रंगत से हावामहल जंक्शन तक और फिर वापस जिला परिषद हॉल, रंगत तक एक पदयात्रा के साथ हुई। कार्यक्रम के रंगत क्षेत्र के प्रमुख सीता मांझी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारत के लौह पुरुष, सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन और योगदान को सम्मानित करना और युवाओं तथा समुदाय के बीच एकता, अखंडता और राष्ट्रवाद की भावना को बढ़ावा देना था। इस सिलसिले में आकाशवाणी समाचार से बातचीत में मेरा युवा भारत के संयुक्त निदेशक सुखरंजन बिस्वास के कहा–

<><><><><><><>

नगरपालिका परिषद द्वारा आयोजित स्ट्रीट फूड फेस्टिवल–2025 आज मरीना पार्क के समीप उत्साहपूर्वक जारी है। स्थानीय व्यंजनों के विविध स्टॉलों पर नागरिकों तथा पर्यटकों की उल्लेखनीय उपस्थिति देखी जा रही है। यह महोत्सव कल भी दोपहर तीन बजे से रात्रि दस बजे तक आयोजित किया जाएगा।

<><><><><><><>

कैम्पबेल में नौ दिसम्बर को सुबह दस बजे से बारह बजे तक एक मल्टीस्पेशियलिटी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में स्त्री रोग से संबंधित रोगों की जांच की जाएगी। आम जनता से कहा गया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस शिविर का लाभ उठाए।

<><><><><><><>

शैक्षणिक सत्र 2025–26 के लिए श्री विजय पुरम स्थित डॉ. बी. आर. अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में विभिन्न डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में अतिथि प्रवक्ताओं और अंशकालिक प्रशिक्षकों की भर्ती के लिए साक्षात्कार 11 और 12 दिसंबर को निर्धारित किए गए हैं। पात्र उम्मीदवारों को दस दिसम्बर तक भरे हुए फॉर्म पूर्ण दस्तावेज़ों के साथ डीब्रेट के अकादमिक सेल में जमा करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

नेताजी स्टेडियम स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का स्विमिंग पूल कल से आम जनता, सदस्यों एवं गैर–सदस्यों के लिए खोल दिया जाएगा। विभाग ने सभी लोगों से कहा कि वे निर्धारित नियमों का पालन करते हुए स्विमिंग सुविधा का लाभ उठाएँ।

<><><><><><><>